निविदा आमंत्रण सूचना

स्पाइसेस बोर्ड का एक उद्यम फ्लेवरिट स्पाइसेस ट्रेडिंग लिमिटेड केरल के इडुक्की जिले के मसाला पार्क, पुट्टड़ी में स्पाइसेस बोर्ड द्वारा स्थापित पफ गोदाम की बंटवारे से संबन्धित कार्य केलिए तकनीकी रूप से सक्षम फ़र्मों से प्रतियोगी तथा मुहरबंद निविदाएं आमंत्रित करता है। रुचि रखनेवाले फर्म की अपनी निविदाएं ऊपर "मसाला पार्क, पुट्टड़ी में पफ गोदाम के बंटवारा केलिए निविदा" लिखकर श्री प्रत्यूष टी.पी., मेसर्स एफ़ एस टी एल, स्पाइसेस बोर्ड, सुगंध भवन, एन एच बाई-पास, पी बी नं. 2277, कोचीन-682025 को 15-03-2017 तक प्रस्तुत करनी चाहिए। कार्य की गुंजाइश, निबंधन व शर्तों से संबन्धित विवरण नीचे दिए जाते हैं:

मेसर्स एफ़ एस टी एल किसी भी या सभी निविदाओं को बिना कोई कारण बताए तिरस्कृत करने का अधिकार रखता है।

1.1 पात्रता मानदण्ड

1. बोली लगानेवाले को पिछले दो वर्षों के दौरान कम से कम दो समान कार्य करने का अनुभव होना चाहिए
2. पिछले तीन वित्तीय वर्षों के दौरान फर्म का औसत वार्षिक कारोबार 50.00 लाख रुपए से कम नहीं होना चाहिए

1.2 काम की गुंजाइश

वर्तमान गोदाम में उतारने-चढ़ाने की जगह सहित 550 वर्ग मीटर का क्षेत्र है। गोदाम की ऊंचाई छह मीटर है। इसलिए काम की संभावना में निम्नलिखित मदें शामिल हैं:-

1. उचित रूप से कक्षों में विभाजित हैं कि मौजूदा ए सी यूनिटों, आर्द्रता नियंत्रक और सेंसरों का अधिकतम उपयोगिता और दक्षता का भरपूर उपयोग किया जा सके
2. चार कक्षों में विभाजन (विशेषत: 15x10 मीटर - 3 संख्या में और 10x10 मीटर एक संख्या में) किया जाना है
3. विभाजन केलिए प्रयुक्त की जानेवाली सामग्री 80 मि.मी मोटे इनफिल और 0.5 मि.मी के टी सी टी सहित लामिनेशन वाले अच्छी गुणवत्तायुक्त पफ इनसुलेट किया हुआ पैनल होनी चाहिए
4. रुचि रखनेवाले पार्टी को निम्नलिखित प्रस्तुत करना चाहिए:
   (i) प्रस्तावित विभाजन की रूपरेखा (लेआउट)
   (ii) यदि आवश्यकता हो, तो दरवाज़े सहित विभाजन केलिए प्रयुक्त की जानेवाली समग्री का तकनीकी विनिर्देशन
   (iii) आपूर्ति और स्थापना दोनों केलिए मात्रा-पत्र(बी ओ क्यू) और मूल्य अनुसूची
   (iv) निबंधन व शर्तें और अपवर्जन, यदि है तो ।

1.3 यह सलाह दी जाती है कि निविदा प्रस्तुत करने से पहले रुचि रखनेवाले फर्म निगरानी के लिए अपने खर्चे पर गोदाम/साइट का दौरा करें

1.4 फर्म द्वारा निविदा जमा करने का तात्पर्य है कि उन्होंने इस नोटिस को पढ़ लिया है और जो काम किए जाने को है, उसकी गुंजाइश और विशिष्टताओं के बारे में, अपने आपको अवगत कराया है।

1.5 बयाना राशि : बयाना राशि 15,000/- रुपए (मात्र पंद्रह हज़ार रुपए) है । यह एरणाकुलम में देय Flavourit Spices Trading Ltd के नाम पर राष्ट्रीयक्रृत या भारत सरकार द्वारा अनुमोदित बैंकों से निकाले गए क्रोस किए हुए डिमांड ड्रैफ्ट के रूप में लिया जाना चाहिए। असफल निविदाओं की बयाना राशि निर्णय लेने और सफल बोली दाता को कार्य सौंपने के बाद, बिना कोई ब्याज के वापिस की जाएगी।

जमा की गई बयाना राशि निम्नलिखित शर्तों के अधीन ज़ब्त की जाएगी

(i) यदि कोई निविदाकार निविदा को अंतिम रूप देने के मूल्यांकन की प्रक्रिया के दौरान अपनी बोली को वापस लेता है ।

(ii) यदि सफल निविदाकार समय सीमा के भीतर ही करार के निष्पादन नहीं कर पाता है ।

1.6 निष्पादन गारंटी / सुरक्षा जमा :- सफल निविदाकार को निष्पादन गारंटी / सुरक्षा जमा के रूप में निविदत्त और कार्य की स्वीकृत मूल्य के 10 प्रतिशत की समतुल्य राशि एरणाकुलम में देय Flavourit Spices Trading Ltd के नाम पर किसी अनुसूचित बैंक से निकाले गए क्रोस किए हुए डिमांड ड्रैफ्ट/बैंकर्स चेक/बैंक गारंटी के रूप में जमा करना है, जिसमें से पांच प्रतिशत एक साल बाद वापस दिया जाएगा और बाकी का पांच प्रतिशत, कार्य सफलतापूर्वक पूरा करने की तारीख से दोष दायित्व अवधि(दो साल) की सफल समाप्ति के तुरंत बाद दिया जाएगा। सफल निविदाकार की बयाना राशि निष्पादन गारंटी / सुरक्षा जमा के प्रेषण और करार के निष्पादन के बाद दी जाएगी।

1.7 निविदा की यह सूचना निष्पादित किए जानेवाले करार का भाग रहेगा ।

1.8 निष्पादित किए जानेवाले कार्य केलिए एफ एस टी एल कोई अग्रिम नहीं देगा। वैसे बी जी आधार पर अग्रिम पर विचार किया जा सकता है, जो आपूर्ति हिस्सा का 20% से अधिक न हो ।

1.9 रुचि रखनेवाले को, श्री प्रत्यूष टी.पी, निदेशक, मेसर्स एफ एस टी एल, स्पाइसेस बोर्ड, सुगंध भवन, एन.एच बाई-पास, पी बी नँ. 2277, कोचीन-682025 को कोटेशन प्रस्तुत करना होगा ।

2.0 निविदा प्रस्तुत करने की अंतिम तारीख व समय 15-03-2017 शाम के 5.00 बजे होगी।

2.1 निविदाएं अगले कार्य दिवस को, सुबह 10.00 बजे उपस्थित निविदाकारों की मौजूदगी में खोली जाएंगी।

निदेशक

एफ एस टी एल